16.04.2025 **आकाशवाणी मध्यप्रदेश** **7.10PM**

## प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार:-**

- मुख्यमंत्री ने मंडला में लाडली बहना योजना के तहत 1 करोड़ 27 लाख से अधिक महिलाओं को अगली किश्त की जारी।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल नीमच में सीआरपीएफ दिवस परेड़ में होंगे शामिल।
- 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी होगी गेहूं खरीदी, कलेक्टरों को जारी किये गये निर्देश।
- प्रदेश में एक बार फिर तेज गर्मी को दौर होगा शुरू, कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना।

**मुख्यमंत्री मंडला**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मण्डला जिले के टिकरवारा गाँव में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1552 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर रीफिल के लिए 25 लाख से अधिक पात्र बहनों को 57 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान राशि एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 56.68 लाख हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को सशक्त और समृद्ध बनाने हेतु 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के अनुरूप निरंतर कार्य कर रही है।**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 81 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक लागत के 38 से ज्यादा कार्यों का लोकार्पण और 150 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत के 28 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी क्या। इस अवसर पर "मुख्यमंत्री कन्यादान योजना" के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह में 1100 नव दंपत्तियों को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।** मुख्यमंत्री ने कहा किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पंप दिये जायेंगे जिससे बिजली के बिल से मुक्ति मिलेगी।

**<u>सीआरपीएफ स्थापना दिवस</u>**

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल नीमच में  सीआरपीएफ दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह आयोजन केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 86वें स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा है। सीआरपीएफ दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1950 में तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा बल को ध्वज प्रदान किया गया था। इस वर्ष परेड 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के तहत आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में सीआरपीएफ की आठ टुकड़ियों द्वारा परेड की जाएगी। इसके बाद गृहमंत्री वीरता पदकों के लिए चयनित सीआरपीएफ कर्मियों को gallantry medals प्रदान करेंगे। CoBRA, RAF, Valley QAT और डॉग स्क्वॉड जैसी इकाइयों द्वारा विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में  मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे।**

**<u>जेनेटिक काउंसलिंग</u>**

**राज्यपाल  मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में जेनेटिक काउंसलिंग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में मध्यस्थों की भूमिका की संभावनाओं पर कार्य करते हुए समुदाय का सहयोग प्राप्त किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल आज राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश के वनों में प्रचुर मात्रा में वन औषधियों की उपलब्धता है। इन औषधियों के सिकल सेल रोगी को स्वस्थ बनाने के अनुभवों और उपयोग के परीक्षणों के प्रमाणीकरण का कार्य व्यापक स्तर पर तेज गति से किया जाए। उन्होंने बैठक में गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच, जेनेटिक परामर्श और नवजात शिशुओं के वैक्सीनेशन के प्लेटफार्म के रूप में आंगनवाड़ियों को शामिल करने के लिए कहा है।**

**गेंहू खरीदी**

**प्रदेश के सभी उपार्जन केन्द्रों पर 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद गेहूं की खरीदी का कार्य किया जाएगा। इसके लिए किसान स्लॉट बुक करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह निर्णय किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि समस्त जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में उपार्जन केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग करें।**

**वेव्स**

**वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के कॉस्प्ले चैंपियनशिप मीटअप के हैदराबाद और मुंबई में आयोजन के बाद, आयोजकों ने 29 सबसे प्रतिभाशाली कॉस्प्लेर्स के नाम घोषित किए हैं। चैंपियनशिप के अंतम दौर में पहुंचने वाली ये प्रतिभाएं वेव्स 2025 के दौरान क्रिएटोस्फीयर में अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगी। 'प्रथम विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन' मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इसका आयोजन एक से 4 मई, 2025 तक मुंबई में किया जाएगा।**

**वक्फ वकील**

**सुप्रीम कोर्ट ने आज वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया है। केंद्र ने शीर्ष अदालत द्वारा उठाए गए तीन बिंदुओं पर अपनी दलील तैयार करने के लिए और समय मांगा। शीर्ष अदालत अब इस मामले की कल सुनवाई**

**करेगी। अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि आज दोनों पक्षों को सुना गया है।**

## मुख्य न्यायाधीश - गवई

**भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति गवई सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और उनके नाम की सिफारिश केन्द्रीय कानून मंत्रालय को की गई है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल 13 मई को समाप्त हो जाएगा।**

## मौसम

**प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार कल से 18 अप्रैल तक एक बार तेज गर्मी का दौर शुरु होगा।** वही मौसम विभाग ने खरगोन, बड़वानी झाबुआ, धार जिलों में बारिश और बिजली चमकने का यलो अलर्ट जारी किया है। **कल कई शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। दोपहर में रतलाम के सैलाना में कुछ देर तक बारिश भी हुई। में रतलाम में** प्रदेश का सर्वाधिक **अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।** भोपाल में अधिकतम तापमान 39.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल स्थित गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केन्द्र, केरवा में जन्मे गिद्धों 2 व्हाइट–बैक्ड वल्चर और 4 लॉन्ग–बिल्ड वल्चर को पहली बार प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया।
- शिवपुरी के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आईटीबीपी केंद्र पर आज प्रवेश उत्सव के अवसर पर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत एवं उपहार वितरण किया गया।
- पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड, भोपाल मंडल द्वारा आज भोपाल एवं इटारसी स्टेशनों पर ग्रीष्मकालीन निःशुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया गया।
- विश्व कला दिवस पर देवास की अभिरुचि ललित कला अकादमी एवं शोध संस्थान ने लाइव स्केचिंग ड्राइंग, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग की कार्यशाला का आयोजन किया।

- शहडोल आईटीआई परिसर में कल जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- आगरमालवा जिले के बड़ौद में आज विकासखंड स्तरीय दिव्यांग शिविर एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया गया।
- मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी के माध्यम से जिला भोपाल से जाने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण आज हुआ। कमेटी ने कहा है कि अगला टीकाकरण 21 अप्रैल को किया जायेगा।